15135
17.1.2020

संख्या– 4021 / 33–3–2019–182 / 2013

प्रेषक,

अनीता सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ: दिनांक: 16 जनवरी, 2020

**विषयः राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आर.जी.एस.ए.) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में पंचायत भवनों के निर्माण एवं मरम्मत के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019–20 की वार्षिक कार्ययोजना में पंचायतों में संरचनात्मक ढाचें एवं पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए सीमित संख्या में पंचायत भवन का निर्माण एवं मरम्मत की गतिविधि को स्वीकृत किया गया है।

जनपदों की ग्राम पंचायत में संरचनात्मक ढाचें के सुदृढ़ीकरण का कार्य, नए पंचायत भवनों के निर्माण एवं पूर्व निर्मित पंचायत भवनों का मरम्मत उपरोक्तानुसार किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों को प्राथमिकता दी जानी है। अतः नए पंचायत भवनों के निर्माण एवं पूर्व निर्मित पंचायत भवनों की मरम्मत के चयन के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है :–

3708
DD(P)
नि0 2 / 1
17/1/2020

क. नए पंचायत भवन का निर्माण–

1 पंचायत भवनों के निर्माण हेतु संलग्नक–1 के अनुसार उन ग्राम पंचायतों को पंचायत भवन निर्माण के लिए चयनित किया जाए, जहाँ पंचायत भवन/ सामुदायिक भवन की उपलब्धता नहीं है। ग्राम पंचायतों के चयन के समय यह अवश्य ध्यान में रखा जाए कि पंचायत भवन का आवंटन जनपद के किसी एक विकास खण्ड में सीमित न रहे अर्थात् लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक पंचायत भवन के आवंटन के अनुसार कार्य किया जाए परन्तु यदि किसी विकास खण्ड में पंचायत भवन उपलब्धता का प्रतिशत कम है तो जनपद वहाँ आवंटन के लिए पंचायत भवन आच्छादन को आधार बनाते हुए कार्य कर सकता है।

2 जनपदों द्वारा उक्त मानकों के आधार पर ग्राम पंचायतों को आबादी (वर्ष 2011 की जनसंख्या) के अवरोही क्रम में रखते हुए लक्ष्य के सापेक्ष ग्राम पंचायतों का चयन कर सूची हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में निदेशालय को उपलब्ध कराई जाए।

3 जो पंचायतें पूर्व में न्याय पंचायत के रूप में स्थापित थी एवं वहाँ पंचायत भवन की उपलब्धता नहीं है, तो ऐसी बड़ी ग्राम पंचायतों का चयन भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकता है।

RGSA
(प्रवीणा चौधरी)
उप निदेशक पंचायत
पंचायती राज निदेशालय, उ0प्र0
17.1.2020

Amit Sri.

4 जनपदों द्वारा नए पंचायत भवन निर्माण हेतु आवंटन के लिए वर्ष 2015 में नव सृजित ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी जाए। ग्राम पंचायत में विवाद रहित भूमि की उपलब्धता, खण्ड मुख्यालय से सम्पर्क (connectivity), ग्राम पंचायत भवन की आबादी से निकटता को ध्यान में रखते हुए पंचायतों का चयन किया जाए।

5 योजनान्तर्गत निर्मित होने वाले पंचायत भवन के निर्माण हेतु लागत "बहुद्देशीय पंचायत भवन" के निर्माण हेतु शासनादेश सं0 1275/33-3-2016-182/2013, दिनांक 27 मई, 2016 द्वारा निर्धारित प्रति इकाई लागत (रू0-17.46 लाख प्रति पंचायत भवन) एवं नक्शे के अनुरूप उपभोग की जाएगी। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाएगा कि उस ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण अन्य किसी योजना के अन्तर्गत चयनित न हो।

6 प्रदेश में भूकम्प जोन-4 में आने वाले जनपदों (बागपत, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, कुशीनगर, महराजगंज, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर) में उक्त शासनादेश के अनुरूप धनराशि रू0-18.03 लाख प्रति पंचायत भवन एवं नक्शे के अनुरूप उपभोग की जाएगी। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाएगा कि उस ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण अन्य किसी योजना में चयनित न हो।

2. <u>पंचायत भवन की मरम्मत/जीर्णोद्धार-</u>

1 पंचायत भवन की मरम्मत हेतु संलग्नक-2 में अंकित लक्ष्य की पूर्ति के लिए ग्राम पंचायतों को आबादी के आरोही क्रम में रखते हुए न्यूनतम आबादी, उन ग्राम पंचायत को पंचायत भवन मरम्मत के लिए चयनित किया जाए, जहाँ पंचायत भवन/ सामुदायिक भवन की उपलब्धता तो है, परन्तु वहाँ पंचायत भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है एवं मरम्मत हेतु उपलब्ध करायी जाने वाली अधिकतम धनराशि रू0-04.00 लाख से उक्त भवन क्रियाशील स्थिति में आ जाए।

2 उक्त रूप से धनराशि का प्रयोग उन्हीं पंचायत भवनों के मरम्मत के लिए किया जाए, जहाँ पंचायत भवन के निर्माण को 10 वर्ष पूर्ण हो चुके है तथा पंचायत भवन में मरम्मत योग्य मानकों जैसे-भवन की जर्जर छत, दीवार, खिड़की, दरवाजों की मरम्मत, फर्श, रंगाई तथा पुताई, टाईल्स, शौचालय की मरम्मत एवं पानी की व्यवस्था आदि घटक पर कार्य किया जाना है।

3 जिन ग्राम पंचायतों को 14वें वित्त आयोग एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्रत्येक वर्ष अधिक धनराशि प्राप्त हो रही है, वे स्वयं भी जीर्ण-शीर्ण पंचायत भवन के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर वार्षिक कार्ययोजना(जी.पी.डी.पी.) में सम्मिलित करते हुए करा सकती है।

4 पंचायत भवन मरम्मत हेतु बिन्दु सं0-2.2 पर कार्य करते हुए ग्राम पंचायतें अधिकतम धनराशि रू0-4.00 लाख तक की लागत से मरम्मत का आगणन तैयार कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएगी एवं धनराशि प्राप्त होने पर ग्राम पंचायतें अपने स्तर पर उक्त कार्य कराएगी।

5 पंचायत भवन की मरम्मत हेतु धनराशि ग्राम पंचायतों को ग्राम निधि के खाते में सीधे रूप से तभी प्रेषित् की जाएगी जबकि लक्ष्य के सापेक्ष पंचायत भवन मरम्मत के कार्य हेतु प्रस्ताव जनपद के माध्यम से हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में मरम्मत योग्य पंचायत भवन की फोटो, तकनीकी आगणित लागत का उल्लेख करते हुए निदेशालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

Amit Sri.

उक्तानुसार अनुदान सं0 83 एवं 81 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायतों के चयन में शासनादेश संख्या–1425/क0नि0प्र0/26–03–2013–13 (21)/2013, दिनांक 10 अक्टूबर, 2013 द्वारा निर्गत मार्गनिर्देशों का पालन करते हुए कार्य किया जाएगा। अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत योग्य पंचायत भवन की सूची एवं अन्य विवरण संलग्न प्रारूप– 3 व 4 के अनुसार पंचायती राज निदेशालय के ई–मेल आई0डी0 (rgsa.up@gmail.com) पर पत्र निर्गत किए जाने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय,

(अनीता सिंह)
प्रमुख सचिव।

**संख्या व दिनांकः–तदैव।**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निदेशक, पंचायती राज उ0प्र0।
2. समस्त मंडलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त उपनिदेशक(पं.), पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निर्धारित समयाविधि में अपने जनपदों में अनुश्रवण करते हुए सूचना निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

Amit Sri.

पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0।

आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत पंचायत भवन निर्माण हेतु लक्ष्य का आंवटन (2019–20)

| S. NO. | District | Block | Total No. of Gram panchayats | Proposed Target for Construction | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | STP | SCP | General | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| 1 | Bahraich* | 14 | 1054 | 1 | 2 | 25 | 28 |
| 2 | Fatehpur* | 13 | 840 | 0 | 4 | 22 | 26 |
| 3 | Chandauli* | 9 | 734 | 0 | 4 | 14 | 18 |
| 4 | Sonbhadra* | 8 | 637 | 1 | 4 | 11 | 16 |
| 5 | Shrawasti* | 5 | 397 | 0 | 2 | 8 | 10 |
| 6 | Chitrakoot* | 5 | 335 | 0 | 4 | 6 | 10 |
| 7 | Rampur | 6 | 684 | 0 | 2 | 16 | 18 |
| 8 | Shahjahanpur | 15 | 1077 | 0 | 5 | 40 | 45 |
| 9 | Muradabad | 8 | 588 | 0 | 5 | 19 | 24 |
| 10 | Basti | 14 | 1247 | 1 | 5 | 36 | 42 |
| 11 | Balrampur* | 9 | 801 | 1 | 2 | 24 | 27 |
| 12 | Amroha | 6 | 601 | 0 | 4 | 14 | 18 |
| 13 | S.K.Nagar | 9 | 794 | 0 | 4 | 23 | 27 |
| 14 | Pilibhit | 7 | 721 | 1 | 3 | 17 | 21 |
| 15 | Sambhal | 8 | 556 | 0 | 3 | 21 | 24 |
| 16 | Siddharthnagar* | 14 | 1199 | 1 | 2 | 39 | 42 |
| 17 | Bareily | 15 | 1193 | 0 | 2 | 43 | 45 |
| 18 | Deveria | 16 | 1189 | 1 | 2 | 29 | 32 |
| 19 | Gajipur | 16 | 1237 | 1 | 3 | 28 | 32 |
| 20 | Mathura | 10 | 516 | 0 | 4 | 16 | 20 |
| 21 | Gonda | 16 | 1054 | 0 | 2 | 30 | 32 |
| 22 | Ambedkarnagar | 9 | 927 | 0 | 5 | 13 | 18 |
| 23 | Azamgarh | 22 | 1871 | 0 | 4 | 40 | 44 |
| 24 | Sitapur | 19 | 1601 | 0 | 6 | 32 | 38 |
| 25 | Ayodhya | 11 | 835 | 0 | 3 | 19 | 22 |
| 26 | Badaun | 15 | 1038 | 0 | 2 | 13 | 15 |
| 27 | Bulandshahar | 16 | 951 | 0 | 4 | 12 | 16 |
| 28 | Prayagraj | 20 | 1637 | 0 | 3 | 17 | 20 |
| 29 | Auraiya | 7 | 477 | 0 | 5 | 2 | 7 |
| 30 | Kannauj | 8 | 504 | 0 | 3 | 5 | 8 |
| 31 | Bagpat | 6 | 245 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| 32 | Jaunpur | 21 | 1749 | 1 | 3 | 17 | 21 |
| 33 | Firozabad | 9 | 569 | 0 | 3 | 6 | 9 |
| 34 | G.B.Nagar | 4 | 88 | 0 | 3 | 1 | 4 |
| 35 | Ballia | 17 | 948 | 1 | 2 | 14 | 17 |
| 36 | Hapur | 4 | 273 | 0 | 2 | 2 | 4 |

| S. NO . | District | Block | Total No. of Gram panchayats | Proposed Target for Construction | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | STP | SCP | General | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 37 | Kheri | 15 | 1167 | 0 | 5 | 10 | 15 |
| 38 | Mau | 9 | 675 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 39 | Sultaanpur | 14 | 986 | 0 | 4 | 10 | 14 |
| 40 | Hathras | 7 | 474 | 0 | 4 | 3 | 7 |
| 41 | Etah | 8 | 576 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 42 | Sant Ravidas Nagar | 6 | 561 | 0 | 4 | 2 | 6 |
| 43 | Aligarh | 12 | 887 | 0 | 3 | 9 | 12 |
| 44 | Kasganj | 7 | 423 | 0 | 3 | 4 | 7 |
| 45 | Hardoi | 19 | 1306 | 0 | 6 | 13 | 19 |
| 46 | Barabanki | 15 | 1166 | 0 | 5 | 10 | 15 |
| 47 | Mainpuri | 9 | 560 | 0 | 3 | 6 | 9 |
| 48 | Etawa | 8 | 471 | 0 | 4 | 4 | 8 |
| 49 | Gaziabad | 4 | 161 | 0 | 2 | 2 | 4 |
| 50 | Unnao | 16 | 1043 | 0 | 6 | 10 | 16 |
| 51 | Gorakhpur | 19 | 1352 | 1 | 4 | 14 | 19 |
| 52 | Farrukhabad | 7 | 600 | 0 | 2 | 5 | 7 |
| 53 | Bijnaur | 11 | 1128 | 0 | 5 | 6 | 11 |
| 54 | Agra | 15 | 695 | 0 | 4 | 11 | 15 |
| 55 | Kanpur Dehat | 10 | 640 | 0 | 5 | 5 | 10 |
| 56 | Maharajganj | 12 | 923 | 1 | 3 | 8 | 12 |
| 57 | Pratapgarh | 17 | 1241 | 0 | 5 | 12 | 17 |
| 58 | Amethi | 13 | 682 | 0 | 5 | 8 | 13 |
| 59 | Jhansi | 8 | 496 | 0 | 4 | 4 | 8 |
| 60 | Lalitpur | 6 | 416 | 1 | 1 | 4 | 6 |
| 61 | Kushinagar | 14 | 1049 | 0 | 2 | 12 | 14 |
| 62 | Varanasi | 8 | 760 | 1 | 2 | 5 | 8 |
| 63 | Meruth | 12 | 479 | 0 | 4 | 8 | 12 |
| 64 | Saharanpur | 11 | 887 | 0 | 3 | 12 | 15 |
| 65 | Kaushambi | 8 | 476 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 66 | Banda | 8 | 471 | 0 | 3 | 5 | 8 |
| 67 | Lucknow | 8 | 570 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 68 | Raibareily | 18 | 989 | 0 | 2 | 7 | 9 |
| 69 | Shamli | 5 | 230 | 0 | 2 | 8 | 10 |
| 70 | Mirzapur | 12 | 809 | 1 | 3 | 8 | 12 |
| 71 | Muzaffarnagar | 9 | 498 | 0 | 2 | 7 | 9 |
| 72 | Mahoba | 4 | 273 | 0 | 2 | 2 | 4 |
| 73 | Kanpur Nagar | 10 | 590 | 0 | 3 | 1 | 4 |
| 74 | Hamirpur | 7 | 339 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| 75 | Jalaun | 9 | 575 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| | **TOTAL** | **821** | **58791** | **16** | **248** | **936** | **1200** |

*** AD = Aspirational Districts**

<u>पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0।</u>

## <u>आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत पंचायत भवन मरम्मत हेतु लक्ष्य का आंवटन (2019–20)</u>

| S. NO. | District | Block | Total No. of Gram panchayats | Proposed Target for Repair | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | STP | SCP | General | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Bahraich* | 14 | 1054 | 1 | 2 | 25 | 28 |
| 2 | Siddharthnagar* | 14 | 1199 | 1 | 2 | 25 | 28 |
| 3 | Fatehpur | 13 | 840 | 0 | 3 | 23 | 26 |
| 4 | Balrampur* | 9 | 801 | 1 | 1 | 16 | 18 |
| 5 | Chandauli* | 9 | 734 | 0 | 3 | 15 | 18 |
| 6 | Sonbhadra* | 8 | 637 | 1 | 3 | 12 | 16 |
| 7 | Shrawasti* | 5 | 397 | 0 | 1 | 9 | 10 |
| 8 | Chitrakoot* | 5 | 335 | 0 | 3 | 7 | 10 |
| 9 | Rampur | 6 | 684 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 10 | Shahjahanpur | 15 | 1077 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 11 | Muradabad | 8 | 588 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 12 | Basti | 14 | 1247 | 0 | 3 | 4 | 7 |
| 13 | Amroha | 6 | 601 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 14 | S.K.Nagar | 9 | 794 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| 15 | Pilibhit | 7 | 721 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 16 | Sambhal | 8 | 556 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 17 | Bareily | 15 | 1193 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 18 | Deveria | 16 | 1189 | 1 | 1 | 6 | 8 |
| 19 | Gajipur | 16 | 1237 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 20 | Mathura | 10 | 516 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| 21 | Gonda | 16 | 1054 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 22 | Ambedkarnagar | 9 | 927 | 0 | 3 | 2 | 5 |
| 23 | Azamgarh | 22 | 1871 | 1 | 2 | 8 | 11 |
| 24 | Sitapur | 19 | 1601 | 0 | 4 | 6 | 10 |
| 25 | Ayodhya | 11 | 835 | 0 | 4 | 2 | 6 |
| 26 | Badaun | 15 | 1038 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 27 | Bulandshahar | 16 | 951 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 28 | Prayagraj | 20 | 1637 | 0 | 3 | 7 | 10 |
| 29 | Auraiya | 7 | 477 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 30 | Kannauj | 8 | 504 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 31 | Bagpat | 6 | 245 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 32 | Jaunpur | 21 | 1749 | 0 | 2 | 9 | 11 |
| 33 | Firozabad | 9 | 569 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| 34 | G.B.Nagar | 4 | 88 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 35 | Ballia | 17 | 948 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 36 | Hapur | 4 | 273 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 37 | Kheri | 15 | 1167 | 0 | 3 | 4 | 7 |
| 38 | Mau | 9 | 675 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 39 | Sultaanpur | 14 | 986 | 0 | 1 | 6 | 7 |
| 40 | Hathras | 7 | 474 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 41 | Etah | 8 | 576 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 42 | Sant Ravidas Nagar | 6 | 561 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 43 | Aligarh | 12 | 887 | 0 | 1 | 5 | 6 |

| S. NO. | District | Block | Total No. of Gram panchayats | Proposed Target for Repair | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | STP | SCP | General | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 44 | Kasganj | 7 | 423 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 45 | Hardoi | 19 | 1306 | 0 | 3 | 6 | 9 |
| 46 | Barabanki | 15 | 1166 | 0 | 2 | 5 | 7 |
| 47 | Mainpuri | 9 | 560 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 48 | Etawa | 8 | 471 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 49 | Gaziabad | 4 | 161 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 50 | Unnao | 16 | 1043 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 51 | Gorakhpur | 19 | 1352 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 52 | Farrukhabad | 7 | 600 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 53 | Bijnaur | 11 | 1128 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| 54 | Agra | 15 | 695 | 0 | 1 | 6 | 7 |
| 55 | Kanpur Dehat | 10 | 640 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| 56 | Maharajganj | 12 | 923 | 0 | 1 | 5 | 6 |
| 57 | Pratapgarh | 17 | 1241 | 0 | 1 | 7 | 8 |
| 58 | Amethi | 13 | 682 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| 59 | Jhansi | 8 | 496 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 60 | Lalitpur | 6 | 416 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 61 | Kushinagar | 14 | 1049 | 0 | 1 | 6 | 7 |
| 62 | Varanasi | 8 | 760 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 63 | Meruth | 12 | 479 | 0 | 1 | 5 | 6 |
| 64 | Saharanpur | 11 | 887 | 0 | 1 | 5 | 6 |
| 65 | Kaushambi | 8 | 476 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 66 | Banda | 8 | 471 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 67 | Lucknow | 8 | 570 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 68 | Raibareily | 18 | 989 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| 69 | Shamli | 5 | 230 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 70 | Mirzapur | 12 | 809 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 71 | Muzaffarnagar | 9 | 498 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 72 | Mahoba | 4 | 273 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 73 | Kanpur Nagar | 10 | 590 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 74 | Hamirpur | 7 | 339 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 75 | Jalaun | 9 | 575 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | **TOTAL** | **821** | **58791** | **7** | **104** | **389** | **500** |

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आर.जी.एस.ए.), 2019–20
## पंचायत भवन मरम्मत हेतु ग्राम पंचायतों का विवरण।

धनराशि रू0 लाख में

| क्र0 सं0 | जनपद | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | अनुदान सं0 (81,82,83) | न्यूनतम आबादी के अवरोही क्रम में ग्राम पंचायत की जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार) | पंचायत भवन निर्माण का वर्ष | ग्राम पंचायत को केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त वार्षिक धनराशि। | पंचायत भवन में कराए जाने वाले मरम्मत कार्य का संक्षिप्त विवरण (पंचायत भवन की फोटोग्राफ के साथ) | पंचायत भवन मरम्मत हेतु कुल आगणित धनराशि | ग्राम निधि खाता सं0 | आई.एफ.एस.सी. कोड | बैंक ब्रांच |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

नोट– पंचायत भवन मरम्मत को वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाते हुए पंचायत भवन की पूर्व स्थिति एवं मरम्मत कार्य के पश्चात की फोटोग्राफ उपलब्ध कराना एवं कार्य को जीओ टैग किया जाना अनिवार्य है।

हस्ताक्षर :

जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद

प्रारूप–3

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आर.जी.एस.ए.) 2019–20

## पंचायत भवन नव–निर्माण हेतु ग्राम पंचायतों का विवरण।

धनराशि रू0 लाख में

| क्र0 सं0 | जनपद | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | अनुदान सं0(81,82,83) | आबादी के अवरोही क्रम में ग्राम पंचायत की जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार) | प्रस्तावित ग्राम पंचायत भवन की आबादी से निकटता (कि.मी.) | ग्राम पंचायत को केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त वार्षिक धनराशि। | ग्राम निधि खाता सं0 | आई.एफ.एस. सी. कोड | बैंक ब्रांच |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

नोट– पंचायत भवन निर्माण को वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाते हुए निर्माण के पश्चात की फोटोग्राफ उपलब्ध कराना एवं निर्मित पंचायत भवन को जीओ टैग किया जाना अनिवार्य है।

हस्ताक्षर :

जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद